बुन्देली गीत गोविन्द

पद्यानुवाद - पं. बाबूलाल द्विवेदी
संकलन - डॉ. राकेश नारायण द्विवेदी

वंदे महत्पुरुषस्तेचरणारविंदम्

महाकवि जयदेव विरचित

गीत गोविंदम्

का

बुंदेली पद्यानुवाद

अनुवाद

पं0 बाबूलाल द्विवेदी

मानस मधुप साहित्य रत्न आयुर्वेद रत्न

ग्राम छिल्ला (बानपुर जिला ललितपुर

मो0 9838303690

संकलन–संशोधन एवं प्राक्कथन

डॉ राकेश नारायण द्विवेदी

isbn 9788190891240

publisher Janki Publication] Neerajanam] Rawatyana] Lalipur Uttar Pradesh Mob- 9838303690

Rs- 200

Copyright: Publisher

Bundeli Geet Govind

Poetry translation from Geet Govindam of Jaidev from Sanskrit to Bundeli

Translated by pt- Babulal Dwivedi

Contributed by Dr Rakesh Narayan Dwivedi

Senior Asstt. Professor in Hindi

Gandhi Mahavidyalaya, Orai (Jalaun) up

Mob. 9236114604

Email. rakeshndwivedi@gmail.com

प्राक्कथन

भौतिकवादी संस्कृति की चकाचौंध के बीच साहित्य में रमना जितनी बड़ी साधना है उससे बड़ी साधना लोक–भाषा के साहित्य की साधना करना है, क्योंकि इसमें व्यापक ख्याति मिलना अत्यंत दुर्लभ होता है। साहित्यकार को एक छोटे से दायरे में सीमित रह जाने का क्षोभ रहता है, अतिसीमित संसाधनों में रहकर इसका प्रकाशन विरल होता है, क्योंकि क्षेत्रीय भाषा में गंभीर पाठकों का अभाव जो होता है। बुंदेली लोक भाषा में जो साहित्य रचा जा रहा है, उसके प्रोत्साहन और साहित्यकारों का उत्साहवर्धन करने वाले व्यक्ति और संस्थाएं इस अंचल में कार्य कर रही हैं।

राजनीतिक रूप से देश के दो बड़े प्रांतों में विभक्त, किंतु सांस्कृतिक इकाई के रूप में चिर–परिचित बुंदेलखंड की संस्कृति और समाज पर पाश्चात्य सभ्यता का प्रभाव अभी भी उतना नहीं पड़ सका है, जितना अन्य बोली–क्षेत्रों के समाजों पर। कदाचित् विकास के आधुनिक पैमानों पर खरा न उतरने के कारण ही इस क्षेत्र को पिछड़ा माना जाता है, अन्यथा बुंदेलखंड में पंजाब का–सा शौर्य, राजस्थान का–सा पुरातत्व और महाराष्ट्र की–सी कला–संस्कृति की समृद्धि दिखाई देती है। इस समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के साहित्यिक पक्ष को अपने मूल रूप में संरक्षित और जीवंत करने का कार्य यहां के लोक अध्येता बिना प्रलोभन कर रहे हैं, जिनमें से एक बाबूलाल द्विवेदी हैं। लोक अध्येता होने की बुनियादी शर्त है कि वह लोक में रमण करे, बिना इसके उसका लोक अध्ययन वायवी और एकांगी होगा उसमें प्रामाणिकता और अनुभूति की सघनता नहीं होगी। लोक का मूल स्वरूप आज भी गांव में ही देखा जा सकता है । एक जुलाई छियालीस को जन्मे श्री द्विवेदी शहरों में निवसित अपने पुत्र–पुत्रियों और उनके परिवारों के साथ न रहकर ललितपुर जनपद के लघु ग्राम छिल्ला (बानपुर) में रहकर ही साहित्य–साधना में लीन हैं। शायद ऐसे लोक अध्येताओं के लिए आधारभूत सामग्री के स्रोत आज भी ये गांव ही हैं। श्री द्विवेदी साहित्य के साथ–साथ कर्मकांड, दर्शन–आध्यात्म, पुराण–उपनिषद और आयुर्वेद चिकित्सा के भी मर्मज्ञ हैं। आपकी मनीषा नाना पुराण, निगमागम और स्वांतः सुखाय की तुलसी परंपरा की सतत प्रवाही है। आयुर्वेद से संबंधित आलेख धन्वंतरि इत्यादि पत्रिकाओं में तो बुंदेली और हिंदी भाषा के आलेख मनन, चिंतामणि तुलसी साहित्य–साधना सुधानिधि, कल्याण और उसके विशेषांकों में प्रकाशित हुए हैं। क्योंकि आपका प्रमुख कर्मक्षेत्र शुद्ध, सात्विक और संतोषी स्वभाव का पौरोहित्य है, पौरोहित्य में कोई अनुष्ठान और विधि क्यों संपन्न की जाती है, इसकी सचेष्टता के कारण आपने इस क्षेत्र में भी नई उद्भावनाएं की हैं। इसलिए संस्कृत भाषा का संस्कार

स्वाभाविक रूप में आपकी भाषा–शैली में परिलक्षित होता है। उच्च शिक्षा की विभिन्न उपाधियों से आप वंचित रहे, पर स्वाध्याय और सत्संग से ज्ञान, वक्तृता, शोध और अनुभूतियों की जिन ऊंचाइयों को आपने उपलब्ध किया, उसे देखकर अच्छे पारखी और विद्वान आपकी नवनवोन्मेषशालिनी प्रतिभा का लोहा मानते हैं।

इन पंक्तियों के लेखक के आप पिता हैं। यों, हो हर पुत्र को अपने पिता पर गर्व होता है या होना चाहिए, यह स्वाभाविक है किंतु मै अपने को विशेष सौभाग्यशाली मानता हूं, क्योंकि शिक्षा उपाधि संपन्न होने के बावजूद अद्यावधि मैं सर्वदा आपके दिए मार्गदर्शन से लाभान्वित होता रहता हूं। संस्कृत और उर्दू भाषा का जो तनिक संस्कार और हिंदी का किंचित् परिष्कार मेरे अंदर मौजूद है, उसमें सर्वप्रमुख योगदान आपका ही है।

आपके बुंदेली साहित्य, इतिहास एवं संस्कृति से संबंधित विविध लोक विषयों पर लिखे गए आलेख और कविताएं विभिन्न पत्र–पत्रिकाओं, अभिनंदन ग्रंथों में और आदिवासी लोककला अकादमी भोपाल से प्रकाशित हुए हैं। कविताएं और वार्ताएं दूरदर्शन केंद्र भोपाल और आकाशवाणी छतरपुर से प्रसारित हुईं हैं। पराशर संहिता का संस्कृत से हिंदी में किया गया आपका अनुवाद हिंदी में अप्राप्त साहित्य को उपलब्ध कराने की दृष्टि से स्तुत्य है। यह प्रकाशित भी हो चुका है।

बुंदेली में गीतगोविंद अभी तक आया नहीं था, जिसकी लहरी में विद्यापति, सूरदास और अष्टछाप के मूर्धन्य साहित्यकारों का अभ्युदय हुआ। हिंदी साहित्य का स्वर्णयुग माने गए भक्तिकाल का एक बड़ा हिस्सा गीतगोविंद की भावभूमि पर ही अवलंबित है। गीतगोविंद में श्रंगार और भक्ति का जो मणिकांचन संयोग हुआ है, उसे किसी अन्य बोली या भाषा में उतारना कवि के लिए अत्यंत दुष्कर है। भक्ति के विविध प्रकार हैं। भक्ति श्रंगार की ही अन्य रूप है और इसीलिए गीतगोविंद मुख्य रूप से श्रंगारी रचना है। इसमें श्रंगार रस के जिन संचारी भावों का वर्णन हुआ है, उसे किसी व्यक्ति द्वारा अभिव्यक्त करना भी लोकरीति के अनुकूल नहीं समझा जाता। गीतगोविंद के कवि जयदेव ने सैकड़ों–हजारों वर्ष पूर्व अपने इष्ट राधा–कृष्ण के रास–रूप के अंग–प्रत्यंग, भाव–अनुभाव को जो वाणी दी, उसे आज का समाज प्रचलित लोकरीति के कारण व्यक्त नहीं करता। अनुवादक ने इस लोकरीति का निर्वाह अपने उपास्य–उपासक भाव में रहते हुए मर्यादापूर्ण शब्दों में व्यक्त करते हुए किया है। जहां यदि रचना के मूल भाव को संरक्षित करने की विवशता के चलते कहीं शब्दों में खुलापन आया भी है तो उसमें उपास्य–उपासक भाव की प्रतिष्ठा पूर्णरूपेण सुरक्षित बनी हुई है।

हिंदी गीत काव्य अपनी परंपरा के लिये संस्कृत साहित्य का ऋणी है । वैदिक साहित्य के पश्चात् हमें जयदेव के गीत गोविंदम् में सर्वप्रथम गीतकाव्य का उन्नत एवं परिष्कृत रूप दिखाई देता है । यह ग्रंथ विद्यापति की पदवल्लरी और सूरदास एवं कृष्णकाव्यधारा के कवियों

और भक्तों का प्रेरक बना । यही नहीं, वर्तमान में जो स्त्री विमर्श मुख्यधारा का साहित्य बना हुआ है, उसका उत्स भी इस ग्रंथ में पूर्ण काव्यत्व और लालित्य के साथ दृष्टव्य है

कनकनिकषरुचिशुचिवसनेन ।

श्वसिति न सा परिजनहसनेन ।।

सखि या रमिता वनमालिना ।।७—६।।

सोनें सौ पीतांबर हरि कौ मुरली तानें दै रइ।

पिय के संग संभोग खों सुनकें सखियां तानें दै रइं ।

तानें और मसखरी सुन कें आली तौउ हरस रइ।

बनमाली के संगै रैकें का हम घाइं तरस रइं।।

मुझे विश्वास है कि इस कृति के परंपरागत गीत और संगीत की लहरियों में कविर्मनीषी न केवल भावनिमग्न होंगे, अपितु वे इसे समसामयिक साहित्यिक स्थापनाओं और विमर्शों के आलोक में भी परखेंगे ।

दीपावली 2014 **राकेश नारायण द्विवेदी**

अनुवादकस्य निवेदनम्

रसभाव वल्लभोकृष्णः श्रंगस्य आरः स्वयम्। नमः आत्मानुरूपाय राधायै माधवाय वा।।

विष्णुस्वामी समारंभाम् जयदेवादि मध्यमा। श्रीमद् वल्लभपर्यंतास्तुमो गुरु परंपराम्।।

सामोद दामोदरश्चादौ, सर्गश्चाक्लेश केशवः। मुग्ध मधुसूदनश्चौव स्निग्धः मधुसूदनः।।

साकांक्ष पुंडरीकाक्षः धन्यबैकुंठ कुंकुमः। नागर नारायणप्रोक्तः विलक्षण लक्ष्मीपतिः।।

नवमोमुग्ध मुकुंदस्यात् दशमें चतुर चतुर्भुजः। सानंद गोविंदस्यांते सुप्रीत पीतांबरः।।

गीत गोविंद काव्येषु सर्गाः द्वादशमुत्तमाः। बुंदेली पदमयी टीका मधुपस्य मनमोदिका।।

अखण्डानन्दवोधायै , शिष्य संताप हारिणे।

सच्चिदानन्दरूपाय , तस्मै श्री गुरुवे नमः।।

उस समय इस अकिंचन की लेखनी द्वारा आन्ध्र प्रदेश के तिम्म समुद्रम् यूनिवर्सिटी में संस्कृत विभागाध्यक्ष डॉ0 अन्नदानं चिदम्बरं शास्त्री द्वारा संकलित प्राचीन संस्कृत ग्रन्थ पराशर संहिता (हनुमच्चरितम्) का हिन्दी अनुवाद 'हनुमत साधना' पत्रिका में धारा वाहिक रूप से प्रकाशित हो रहा था। 'बुन्देली शब्दकोश' के प्रणेता विद्यागुरु डॉ0 श्री कैलाश बिहारी जी द्विवेदी ने उस अनुवाद के साथ दास की **'भइया अपने गाँव में'** प्रति का अवलोकन करते हुये कविवर पं0 जयदेव द्वारा लिखित 'गीतगोविन्दम्' का बुन्देली में अनुवाद करने की जिज्ञासा प्रकट की। आज्ञा शिरोधार्य कर उनके द्वारा प्रदत्त गीतगोविन्द को पढा। इससे पूर्व पुस्तक का सिंहावलोकन मात्र ही किया था।

श्री मद्भागवत पुराण तथा महाभारत में कृष्ण की कथा के साथ राधा का उल्लेख नहीं मिलता है। उनतीस उप पुराणों में महत्वपूर्ण 81 अध्यायों में गुम्फित मात्र 4460 श्लोकों वाले महा भागवत (देवीपुराण) में एक आख्यामिका वर्णित है। एक बार भगवान शिव ने एकान्त में पार्वती जी से नारी जन्म की सार्थकता और सुन्दरता की प्रशंसा करते हुये अभिलाषा प्रकट की; कि हे देवी! अब की बार तुम पृथ्वी पर कहीं भी पुरुष रूप में अवतार लो, और मैं स्त्री रूप में अवतार लूँगा।

अम्बा पार्वती ने स्वीकार करते हुये वसुदेव–देवकी नन्दन श्री कृष्ण के रूप में तथा शंकर जी ने बृज में ही वृषभान–कीर्ति की सुता श्री राधा के रूप में अवतार लिया।

पुं रूपेण जगद्धात्रि प्राप्तायां कृष्णतां त्वयि।

वृषभानो सुता राधा, स्वरूपाहं स्वयं शिवो।। *महाभागवत 49–20*

परवर्ती कतिपय उपनिषद,संहिता पुराणादिकों में इसी आधार पर कृष्ण (पार्वती) की परमाराध्या राधा (शिव) को स्वीकार किया है।

कृष्णेन आराध्यात् इति राधा। कृष्णं समाराधयति सदेति राधिका।। *राधिकोपनिषद*

ब्रह्म वैवर्त्तक पुराण में परमात्मा श्री कृष्ण तो प्राणाधिष्ठातृ राधा को प्राणों से भी अधिक– प्राणेम्योऽपिगरीयसी मानते हैं। श्री मद्भागवत में अनयाराधितोनूनम् की व्याख्या करते हुये रासेश्वरी राधा को श्री कृष्ण की प्रेयसी भी और आराध्या भी विद्वान स्वीकार करते हैं।

वैष्णव चतुः सम्प्रदायों में एक निम्वार्क सम्प्रदाय है। दसमी शताब्दी में दक्षिण के हैदरावाद वैदूर्य पत्तन के पैठण (दक्षिण की काशी के नाम से प्रसिद्ध) ग्राम में ब्राह्मण अरुण की पत्नी जयन्ती के गर्भ से कार्तिक शुक्ल पूर्णिमा को पं0 निगमानंद का जन्म हुआ। वही वर्तमान नीमगाँव (ब्रज) में आकर निम्वार्काचार्य के नाम से प्रसिद्ध हुये। गुरू परम्परा में क्रमशः राधा राधा नाम (राधे राधे) संकीर्त्तन प्रवर्तक माने जाते हैं। इसी सम्प्रदाय में दीक्षित पं0 जयदेव जी भी हुये। जिन्होंने संस्कृत में ''गीतगोविन्दम'' तथा बँगला भाषा में ''राधा कृष्ण गीत'' का प्रणयन किया। किन्दुविल्व ग्राम निवासी पं0 भोजदेव की पत्नी (रामा देवी) राधा देवी के गर्भ से जन्म लेने वाले, वाणी के गुम्फ वैशद्य के परम पारखी, वाक्य सन्दर्भ शुद्धि के जानकार, पद्मावती के पति पं0 जयदेव तत्कालीन बंगाल नरेश लक्ष्मण सेन (तेरहवीं शताब्दी के पूर्वाद्ध) के आश्रित कवि थे।

गीतगोविन्द–वारह सर्गों और 24 प्रबन्धों में राधा–माधव और सखी (दूती) इन तीन पात्रों के विचारों का सन्धान– विचित्र कविता रूपी महाधन का निधान–सरस कृष्ण क्रीडा लीला वितान– संसार ताप संतप्त कवि जनों का विश्राम स्थान– इस गीति काव्य की अष्टपदी दक्षिण एवम् उत्तर के समस्त मन्दिरों में ही नहीं संगीत सभाओं आदि में आज भी भारतवर्ष में बडे ही मनो योग से गायीं जाती हैं।

जहाँ एक और समूचे इस काव्य में अलंकारों की सजी सी प्रदर्शनी सुपाठकों को दर्शनानन्दन की रूप सुधा का पान कराती है, तो वहीं इस सर्वोत्कृष्ट क्रत्स्न किंवा कोमल कान्त पदावलियों का विभिन्न राग रागिनियों में गायन सुनकर श्रोताओं को श्रवणानन्द से मुग्ध कराती है। आत्मरस रसिकों को तो यह श्री मद्भागवत के दसमस्कन्ध अध्याय 29 से 33 तक में वर्णित रासपंचाध्यायी सदृंश आत्मानन्द की अनुभूति कराती है। मानो युगल गीत के 24 श्लोकों के समग्र भाव ही हमें गीतगोविन्द के 24 सर्गों में मिलते है।

'विद्यार्णव' तन्त्र ग्रन्थ में वर्णित काम के– अनंग, स्मर, मन्मथ, मार और काम इन पाँचों रूपों का तथा– रति, विरति, प्रीति, विप्रीति, मति, दुर्मति, धृति, विधृति, तुष्टि और वितुष्टि का एवम् काम काम की इन दसों वल्लभाओं और की – अनंगरूपा, मदनातुरा, पवनवेगा, भुवनपाला, सर्वसिद्धिदा, अनंग मदना और अनंग मेखला इन काम की समस्त शक्तियों का अतिरेक में वर्णन विरक्तों की श्लील भावनाओं वर वरवरा बज्राघात सी करती हुयी अश्लीलानुमोदित वर्तमान में अनावश्यक सा लगता है। किन्तु विधि हरि हर हृदयाकर्षक

पंचकुसुम सायकाधिपति विचित्र चरित्र अनिर्वचनीय काम का (प्रद्युम्न) रूप राम (कृष्ण) तनय के रूप में वन्दनीय भी है।

शम्भुः स्वयम्भु हरियो हरिणेक्षणानां ,येनाः क्रियन्ति सततं गृहकर्मदासाः।

वाचामगोचर चरित्र विचित्रताय , तस्मै नमो भगवते कुसुमायुधाय।।

मलयज समीर सारथी तथा मंत्री बसंत के साथ मनःरथारूढ मत्स्यध्वज रतिनाथ के उत्पल (नीलकमल) अशोक, आम्र, मल्लिका एवम् पद्म (रक्तकमल) के पुष्पों से निर्मित पाँचों वाणों से यह सभी संसार घायल है उन्हीं वाणों की परिणति ही जीवन में शोषण, दीपन, सम्मोहन, तापन एवम् उत्पादन के रूप में गोचरित हो रही है।

गीतगोविन्द के गायन वादन द्वारा राधा कृष्णाराधन की प्रथा को राधा वल्लभ सम्प्रदाय प्रवर्तक श्री हित हरिवंश जी ने वर्तमान ऊँचाईयों तक पहुँचाया। देववन्द(सहारनपुर) निवासी पं0 व्यास मिश्र की पत्नी तारा देवी के गर्भ से मोहिनी एकादशी को जन्म लेने वाले यह भक्त कवि पापांकुशा एकादशी तक 79 वर्ष की पूर्णायुपर्यंत जीवन के उत्तरार्द्ध के 24 वर्षों (सं. 1609 वि.) तक वृन्दावनमें भावुक रसिकों को आनन्द प्रदान करते रहे। उन्होंने 170 छन्दों में गुम्फित 'राधा सुधानिधि' स्वलिखित पुस्तक में गीतगोविन्द का प्रथम शार्दूलविकीर्डित छन्द 'मेघैर्मेदुरमम्बरे0.....' अपने मंगलाचरण में यथावत रख काव्य की महनीयता को अक्षुण्ण रखा।

भारतीय ही नहीं विश्व की विभिन्न भाषाओं में इसकी अनेकों टीकायें विद्वानों ने की हैं। *SONGS OF SONGS* नाम से पाश्चात्य विद्वान आरनाल्ड द्वारा आँग्ल भाषा में भावानुवाद के भाव तो अत्यन्त ही मोहक हैं।

इस प्रबन्ध गीति काव्य की प्रख्यात टीकाओं में रस मँजरी–रसिक प्रिया, सँजीवनी, पद द्योतनिका– बालबोधिनी– दीपिका– भावप्रकाशिका आदि प्रमुख हैं।

बुन्देली भाषा में भावानूदित यह मनः रंजनी टीका रसिक भावुक भक्तों, उपासकों के कर कंजो एवम् श्रृंगार रस सुधासार वृन्दाबिपिन बिकुंज बिहारी युगुल सरकार के श्री चरणों में मन के समस्त भाव कुभाव विकारों के परिमार्जन प्रार्थना सहित सादर समर्पित है।

श्री राधामाधव स्वयं मूर्तिमान श्रृंगार। सब श्रृंगारन को प्रगट, इनहीं सों श्रृंगार।।

गूढभाव अंकुर सोइ,श्रृंग नाम विख्यात। आर नाम रस कौ कहो, सो श्रृंगार कहात।।

प्रथम नाम आनंद है पाछे परमानंद। पूर्णानन्द आनंद श्री कृष्ण सच्चिदानन्द।।

छिल्ला–बानपुर

15 दिसंबर 2014

कस्मिश्चित्

विदुषामनुचरः

पं0 बाबूलाल द्विवेदी

प्रथम सर्ग–

सामोद दामोदरम्

मेघैर्मेदुरमम्बरम् वनभुवः श्यामास्तमालद्रुमैः

नक्तम् भीरुरयम् त्वमेव तदिमम् राधे गृहम् प्रापय।

इत्थम् नन्दनिदेशितश्चलितयोः प्रत्यध्वकुञ्जद्रुमम्

राधामाधवयोर्जयन्ति यमुनाकूले रहःकेलयः १–१

बंसीवारे! आ तौ जारे सुना जाओ बैसइ बंसुरी।

बजत ऐन सुनि मिटत ठैन दिन रैंन मनइ मन में बसरी।।

जीनें सुनी बेउ भओ घायल कबै सुनें हम बा बाँसुरी।

फटकत ते हरकत ते तरकत गुरा गुरा पसुरी पसुरी।।

धन्न भाग हो जात सुनत जो मन रमजात मुकुंद में।

राधा माधव की छवि देखौ 'मधुप' गीत गोबिंद में।।1।।

वसंततिलकावृत्तम्

वाग्देवताचरितचित्रितचित्तसद्मा पद्मावतीचरणचारणचक्रवर्ती।

श्रीवासुदेवरतिकेलिकथासमेतम् एतम् करोति जयदेवकविः प्रबन्धम् १–२

सखियन संगै राधाजू के कृष्ण कन्हैया खेलत ते।

संगै उतइ बगीचन में के सखा जौन संगइं रत ते।।

दिन छूबे तब कई नंद ने ओ राधा बादर मड़रात।

ताड़ बिरछ कारें धुंअरारे इंदयारे में स्याम डरात।।

गैल बताकें घरै पठा दो सुन भए हरि आनंद में।

राधा माधव की छवि देखौ 'मधुप' गीत गोबिंद में।।2।।

द्रुतविलंबितेन

यदि हरिस्मरणे सरसम् मनो यदि विलासकलासु कुतूहलम्।

मधुरकोमलकान्तपदावलीम् शृणु तदा जयदेवसरस्वतीम् १–३

नँद बाबा की अग्या पाकें राधा हरि के संगै गइं।

जमुना तट की गैल बगीचन गुच्छन गुच्छन बौलें नइं।।

ताड़ रमन्ना फूले फर रए देखत कौनउं कौपें लइं।

बौंर झौर देखत मनमोहन खेलें जैजै बोले मइं।।

सबहो नित्त नई लीला की जै बोलो आनंद में।

राधा माधव की छवि देखौ 'मधुप' गीत गोबिंद में।।3।।

शार्दूलविक्रीडितेन

वाचः पल्लवयत्युमापतिधरः सन्दर्भशुद्धिम् गिराम्

जानीते जयदेव एव शरणः श्लाघ्यो दुरूहद्रुते।

शृङ्गारोत्तरसत्प्रमेयरचनैराचार्यगोवर्धन

स्पर्धी कोऽपि न विश्रुतः श्रुतिधरो धोयी कविक्ष्मापतिः १–४

कजन चाआं बानी के देउता अंतस भीतर आवें।
सरसुतिजू चरनन जस गाथा पदमावती सुनावें।।
वासुदेव रति खेल कथा खों एकउ ठौरें पावें।
और कितउं नइं जाय तलासन चित्त चितैबे जाबें।।
पड़ें सुनें उर मगन होंय ई कबि जैदेव प्रबंध में।
राधा माधव की छवि देखौ 'मधुप' गीत गोबिंद में।।4।।

हरि सुमरन में लगो रबै मन इतै उतै नइं भटकै।
कै रस कला विलास कुदाऊं जावे खों मन अटकै।।
कोमल कांत कवित कउं नौने कनसुर हो नइं खटके।
कबि जैदेव जीब की सरसुति सुनत रसइ रस टपकै।।
छंदहीन नइं सबद जितै नइं सबदहीनता छंद में।
राधा माधव की छवि देखौ 'मधुप' गीत गोबिंद में।।5।।

विद्यापती उमापति धर कबि कोकिल सुनतन अच्छे हैं।
सरन कवी सुनतन बजनी पै असर डारवे कच्चे हैं।।
छमा पती कै मिश्र पक्छ धर का कै रए सुनतन भूलत।
गोबरधन धो देत मस्त वे सिंगारइ में भूले रत।।
सभा पांच रतन के मुखिया रस जैदेव के छंद में।
राधा माधव की छवि देखौ 'मधुप' गीत गोबिंद में।।6।।

मालवरागे रूपकताले अष्टपदी– 1

प्रलयपयोधिजले धृतवानसि वेदम् । विहितवहित्रचरित्रमखेदम्

केशव धृतमीनशरीर जयजगदीशहरे अ प १–१

महाप्रलय में धरती भर पै जबइ जलई जल हो गव।

सबइ समुंदर इक दिल होकें एक समुंदर बन गव।।

मच्छराज शफरी कौ धर कें भेस बेद मौं चांपे।

जिनके चरित सुनत दूरइ सें दुख हल–हल कें कांपे।।

जै जगदीश हरे हे केशव! हम न परें दुख दंद में।

राधा माधव की छवि देखौ 'मधुप' गीत गोबिंद में।।1।।

क्षितिरतिविपुलतरे तवतिष्ठतिपृष्ठे ।धरणिधरणकिणचक्रगरिष्ठे

केशव धृतकच्छपरूप जयजगदीशहरे अ प १–२

भूमी भर कौ भारी भरकम जी की पीठ धरो है भार।

धरती धरें घिसी करयाई भइ चकार आकार।।

रतन काड़बे मथो समुंदर मँदराचल कौ सादो भार।

सबकौ दुक्ख मिटाबे आ गए धरकें जो कछवा औतार।।

वासुकि नाग कड़ैनियां खेंचत देव दनुज आनंद में।

राधा माधव की छवि देखौ 'मधुप' गीत गोबिंद में।।2।।

वसति दशनशिखरे धरणीतवलग्ना ।शशिनि कलङ्ककलेव निमग्ना

केशव धृतसूकररूप जयजगदीशहरे अ प १–३

हिरन्याक्छ दानों नें धरती जब समुंद में डारी।

जीव जंतु उकलान लगे ते मच गइ हाहाकारी।।

धरें सुअर कौ भेस चांप धरती दांतन में ल्या रए।

लगो डठूला चंदा में कालिख सी कला दिखा रए।।

जै जगदीश हरे हे केशव! सूकर रूप पसंद में।

राधा माधव की छवि देखौ 'मधुप' गीत गोबिंद में।।3।।

तव करकमलवरे नखमद्भुतशृङ्गम् । दलितहिरण्यकशिपुतनुभृङ्गम्

केशव धृतनरहरिरूप जयजगदीशहरे अ प १–४

खुद बन गव भगवान हठीलौ कइ न काउ की मानें।

भोंरा बनो हतो हिरनाकुस पर तिरियन के लानें।।

बिन हतयार देह दुस्टी की चीर हांत सें डारी।

लामी नोंक अनोखें नौंकें नारसींग अवतारी।।

जै जगदीश हरे हो रइ है तीन लोक नौ खंड में।

राधा माधव की छवि देखौ 'मधुप' गीत गोबिंद में।।4।।

छलयसि विक्रमणे बलिमद्भुतवामन । पदनखनीरजनितजनपावन

केशव धृतवामनरूप जयजगदीशहरे अ प १–५

हतो दानवन कौ राजा बलि दान करत तो भारी।

पै ऊकी सेना के डर सें सब कोउ हते दुखारी।।

छलबे उए बने बामन हरि बिरमाजू नें जाकें।

परकम्मा कर चरन पखारे गंगाजू मइ आकें।।

जै जगदीश हरे, बामन जग पावन भव आनंद में।

राधा माधव की छवि देखौ 'मधुप' गीत गोबिंद में।।5।।

क्षत्रियरुधिरमये जगदपगतपापम् । स्नपयसि पयसि शमितभवतापम्।

केशव धृतभृघुपतिरूप जयजगदीशहरे अ प १–६

जिन राजन के रकत में भर गव अत्याचारी पाप हतो।

करें उपद्रे संसारी खों देन लगे संताप हतो।।

उनके खून सें धो लव फरसा कटे पाप जग साफ सबइ।

भले हते बे राजा सुख में हो गए अपने आप सबइ।।

फरसराम भगवान भजो जगदीश हरे आनंद में।

राधा माधव की छवि देखौ 'मधुप' गीत गोबिंद में।।6।।

वितरसि दिक्षु रणे दिक्पतिकमनीयम् । दशमुखमौलिबलिम् रमणीयम्

केशव धृतरामशरीर जयजगदीशहरे अ प १–७

दस मौ को राक्छस भव राजा रावन जी कौ नांव।

देउता तक दहलात हते ते देखत क्रूर सुभाव।।

दसइ दिसाएं हल–हल कंपबें करकें जी कौ ख्याल।

बनकें राम दसइ मौं बलि दै खुसी करे दिगपाल।।

जै जगदीश हरे हे केशव राम रूप नौ खंड में।

राधा माधव की छवि देखौ 'मधुप' गीत गोबिंद में।।7।।

वहसि वपुषिविशदेवसनम् जलदाभम् । हलहतिभीतिमिलितयमुनाभम्

केशव धृतहलधररूप जयजगदीशहरे अ प १–८

नौने तन पै बादर जैसे सांवरे उन्ना मानो।

हर के डर सें डारें होबें जमुना पनो मुहानों।।

हरधर कौ तन नौनों जैसो जमुनाजी कौ पानी।

बलदाऊ की जै बोले सें होय सुद्ध मन बानी।।

जै जगदीश हरे बोलौ रओ मगन रोहिनी नंद में।

राधा माधव की छवि देखौ 'मधुप' गीत गोबिंद में।।8।।

निन्दति यज्ञविधेरहह श्रुतिजातम् । सदयहृदयदर्शितपशुघातम्

केशव धृतबुद्धशरीर जयजगदीशहरे अ प १–९

बेदमंत्र पड़ रए पसुअन की कर रए हिंसा भारी।
देखत ऐसे जज्ञ तामसी सो निंदा कर डारी।।
हिरदें दया देख कें पसु जिउ बुद्ध रूप औतारी।
सुद्धोदन माया घर जन्मे जग में भइ जैकारी।।
भगत उबारे परे न फिर बे कभउं जगत के फंद में।
राधा माधव की छवि देखौ 'मधुप' गीत गोबिंद में।।६।।

म्लेच्छनिवहनिधने कलयसिकरवालम् । धूमकेतुमिव किमपिकरालम्
केशव धृतकल्किशरीर जयजगदीशहरे अ प १–१०

नास मलेच्छन कौ करबे लओ कलकी कौ औतार।
पुच्छल तारे घाइं हांत लै लफलफात तरवार।।
सत्रु साल करबाल काल सी देखत दिपै कराल।
कल्कि सरीर भओ जगदीसुर मन के मिटे मलाल।।
जै जगदीश हरे हे केशव भजो रहो आनंद में।
राधा माधव की छवि देखौ 'मधुप' गीत गोबिंद में।।१०।।

श्रीजयदेवकवेरिदमुदितमुदारम् । शृणु सुखदम् शुभदम् भवसारम्।
केशव धृतदशविधरूप जयजगदीशहरे अ प १–११
इति श्रीगीतगोविंदे प्रथमः प्रबंधः

बन्न बन्न के रूप धरे दस उन केशव की जै हो।
कबि जै देव उदार भाव सुखदाता हरि की जै हो।।
तत्त रूप संसार सार हे भगतो! है जे गीत सुनो।
सुख दैबे मन मोद भरें नित भलौ करें हरि गुनहिं गुनौ।।
इस्तुति दस औतार चरित सुन सुखी रओ आनंद में।
राधा माधव की छवि देखौ 'मधुप' गीत गोबिंद में।।११।।

वेदानुद्धरते जगन्निवहते भूगोलमुद्दिबभ्रते
दैत्यम् दारयते बलिम् छलयते क्षत्रक्षयम् कुर्वते।
पौलस्त्यम् जयते हलम् कलयते कारुण्यमातन्वते
म्लेच्छान्मूर्च्छयते दशाकृतिकृते कृष्णाय तुभ्यम् नमः १।।

बउत जात धरनी खों काड़ो बेदन कौ उद्धार करो।
आतंकी छत्रिन खों मारे दइतन कौ संघार करो।।
हर खों देख हिलुर रइं जमुना, रावन, कंस मलेच्छ मरे।
सूकर, नरसिंग, मच्छ, कच्छ, बलि छलबे बामन रूप धरे।।
राम, कृष्ण, बलदाउ, फरसुधर, बुद्ध, कल्कि दस छंद में।
राधा माधव की छवि देखौ 'मधुप' गीत गोबिंद में।।१।।

गुर्जररागे प्रतिमंठताले अष्टपदी– 2

श्रितकमलाकुचमण्डल धृतकुण्डल ए ।

कलितललितवनमाल जय जय देव हरे अ प २ १

लक्छमीजू के कुच मंडल कौ लएं आसरौ बैठे जो।
देखत नीके लगें सुहाने कान कनोठी ऐठें जो।।
उमदा कोरैं फूलन की बनमाल सुहानी पैर गरें।
तुलसी मूंगा कमल चमेली फूल अकउवा बीच वरें।।
भै को भूत भगै सुमरन सें जै बोलें जग जाल जरें।
जनम सुफल हो जाय 'मधुप' जैदेव देव हे देव हरे।।1।।

दिनमणीमण्दलमण्डन भवखण्डन ए ।
मुनिजनमानसहंस जय जयदेव हरे अ प २ २

दिन महाज के कुटुम के ढकना दिनकर के दिल के गाने।
भजै जो ऊखों भौंतेरे में भूल भरमवे नइं जाने।।
मुनीजनन के मन मानस के हंसा मन की पीर हरौ।
हे दिनकर कुल कमल दिवाकर सरन तुम्हारी आन परौ।।
कबि जैदेव जाने के निजजन सुन बिनती दुख दूर करौ।
जनम सुफल हो जाय 'मधुप' जैदेव देव हे देव हरे।।2।।

कालियविषधरगञ्जन जनरञ्जन ए ।
यदुकुलनलिनदिनेश जय जय देव हरे अ प २ ३

कालीदह में रैकें कालिय जल खों दूसित कर रओ तो।
जीनें पियों बेउ भओ घायल जमना में बिस भर गओ तो।।
खेलत गेंद खूंद गरवीले नाग खों दूर भगा दओ तो।
जल कौ मिटा प्रदूसन जन जन में सुख आनँद भर दओ तो।।
बे जदुकुल कुल कमल कनइया मन की मंसा पूर करें।
जनम सुफल हो जाय 'मधुप' जैदेव देव हे देव हरे।।3।।

मधुमुरनरकविनाशन गरुडासन ए ।
सुरकुलकेलिनिदान जय जय देव हरे अ प २ ४

मधु खों मारो माधव बन गए मुर खों मार मुरारी।
नरक मार भए नरक निकंदन गरुडासन गिरधारी।।
दानौ दइत राक्छसन मारे धरती करी सुखारी।
देउतन के कुल मगन भए हँस खेलें रास बिहारी।।
मोहन मदन मुरारी माधव नरक निसूदन नांव परे।
जनम सुफल हो जाय 'मधुप' जैदेव देव हे देव हरे।।4।।

अमलकमलदललोचन भवमोचन् ए ।
त्रिभुवनभवननिधान जय जय देव हरे अ प २ ५

जैसें कमलन के दल होवें ऐसे निरमल नैंना।

उन नैंनन नें जीखों देखो बौ जगजाल फँसै ना।।

तीन लोक के रूप जौंन बे एकउ घर सें आए।

ऊ घर खों रुच रुच कें जिननें पैलउं पैल बनाए।।

तिभुवन भवन आदि कारन वे निसदिन हम पै दया करें।

जनम सुफल हो जाय 'मधुप' जैदेव देव हे देव हरे।।

जनम सुफल हो जाय 'मधुप' जैदेव देव हे देव हरे।।5।।

जनकसुताकृतभूषण जितदूषण ए ।

समरशमितदशखण्ठ जय जय देव हरे अ प २ ६

जनकसुता सें सोभा जिनकी सपने तकी न पर नारी।

मौसेरे भइया राउन के मारे खर दूसर भारी।।

गरवीले राउन के दस मौ रन में धूर चटा डारी।

दया करें भगवान राम वे बिस्नू के जो औतारी।।

भोंतेरे में परें न वौ जो सांसे मन से ध्यान धरे।

जनम सुफल हो जाय 'मधुप' जैदेव देव हे देव हरे।।6।।

अभिनवजलधरसुन्दर धृतमन्दर ए ।

श्रीमुखचन्द्रचकोर जय जय देव हरे अ प २ ७

जैसें नए जल भरे बादरा बैसउ सुंदर भेस धरें।

भाँत भाँत के रूप धरे उर देवतन के दुख दूर करें।।

श्रीजू कौ चंदा जैसौ मौं बने चकोर निहार करें।

ग्यान निधान जान अनजाने मन में आन विहार करें।।

भलौ करें भगवान आन भोरे भगतन की भीर हरें।

जनम सुफल हो जाय 'मधुप' जैदेव देव हे देव हरे।।7।।

तवचरणे प्रणतावयमिति भावय ए ।

कुरुकुशलम् प्रणतेषु जय जय देव हरे अ प २ ८

चरन सरन कौ तको आसरौ बिनती कर रए चरन परे।

सरन परे खों कभउं न त्यागो जेइ जान हम सरन परे।।

अपनों जान नाथ अपना लो अपनइं अपने भरे धरे।

आपौ छोड़ आपनो आऔ उऐ अपुन नें आप करे।।

कुसर राख दो जीवात्मा की परमातमा दोउ एक करे।

जनम सुफल हो जाय 'मधुप' जैदेव देव हे देव हरे।।8।।

श्रीजयदेवकवेरिदम् कुरुते मुदम् ए ।

मङ्गलमुज्ज्वलगीतम् जय जय देव हरे अ प २ ९

इति श्री गीतगोविंदे द्वितीयः प्रबंधः

कबि जैदेव सलोनी बानी नौनी लिखी गीत गोबिंद।

आनंदइ आनंद मन भरो जीनें पड़ो गीत गोबिंद।।

मनसा पूरी रय न अधूरी जीनें सुनो गीत गोबिंद।
पछयाने हरि फिरत रात दिन सुनवे ललक गीत गोबिंद।।
धरनी पै ढूंड़ें नइं मिलने ऐसे मंगल रहस भरे।
जनम सुफल हो जाय 'मधुप' जैदेव देव हे देव हरे।।1।।

पद्मापयोधरतटीपरिरम्भलग्न काश्मीरमुद्रितमुरो मधुसूदनस्य ।
व्यक्तानुरागमिव खेलदनङ्गखेद स्वेदांबुपूरमनुपूरयतु प्रियम् वः १।।

लक्छमीजू के कुच की केसर लगी कृष्ण की छाती में।
बन गओ प्रेम बाँट दव हरि ने मिलो जगत खों थाती में।।
हरि के हिरदें मुहर लगा दइ पदमावती परख मानो।
बिना लच्छमी कृपा मिलें भगवान मिलें नइं जग जानो।।
हरि खों आव पसीना सुनकें वे हरि सब के दुक्ख हरें।
जनम सुफल हो जाय 'मधुप' जैदेव देव हे देव हरे।।

वसन्ते वासन्तीकुसुमसुकुमारैरवयवैः
भ्रमन्तीम् कान्तारे बहुविहितकृष्णानुसरणाम् ।
अमन्दम् कन्दर्पज्वरजनितचिन्ताकुलतया
वलद्बाधाम् राधाम् सरसमिदमुचे सहचरी २।।

बियावान बन में बिहरत ते बने बसंत बिहारी।
सूने में राधा ढूंड़त तीं चड़ों काम जुर भारी।।

महुअन के फूलन सें कोंरी कोमल तन मतवारी।

हौलें–हौलें निगत देखकें हँसी सखी दै तारी।।

कै रइ कितै ढूंड़ रइं की खों मन में भारी आस करें।

लगो बसंत 'मधुप' सखियन सँग नच रए किसन बिहार करें।।२।।

वसंतरागे रूपकताले अष्ट पदी ३ माधव उत्सव कमलाकरम्

ललितलवङ्गलतापरिशीलनकोमलमलयसमीरे ।

मधुकरनिकरकरम्बितकोकिलकूजितकुञ्जकुटीरे ।

विहरति हरिरिह सरसवसन्ते ।

नृत्यति युवतिजनेन समम् सखि विरहिजनस्य दुरन्ते ।।ध्रुव0।। अ प ३–१

लोंगन की लांमी लांमी बौलन खों सोंधी सी कर रइ।

मलयाचल की हौले हौले हवा हिलोरें सी भर रइ।।

भौंरन की झोंरन की झौंरें बौरे फूलन पै गूँजें।

कुंजन कूकें कंठ कोयलें कुहू–कुहू सुर में कूजें।।

ज्वानी जोस भरो जोरुन में ओइ पै बिरह प्रहार करें।

लगो बसंत 'मधुप' सखियन सँग नच रए किसन बिहार करें।।1।।

उन्मदमदनमनोरथपथिकवधूजनजनितविलापे ।

अलिकुलसंकुलकुसुमसमूहनिराकुलबकुलकलापे अ प ३–२

प्रोसतपतिका अँसुआ ढारै पति परदेसै गैलारे।
मन मनमथ के हांत बिकानो मदन मनोरथ मथ डारे।।
उमड़ घुमड़ रए मौलसिरी के फूला झौरन झौंरा रे।
बिना पती के जुवती झूंकत देखत झूमत भौंरा रे।।
रती प्रीति के संगै मनमथ मनरथ चढ़ि मद मार करें।
लगो बसंत 'मधुप' सखियन सँग नच रए किसन बिहार करें।।2।।

मृगमदसौरभरभसवशंवदनवदलमालतमाले ।
युवजनह्रदयविदारणमनसिजनखरुचिकिंशुकजाले अ प ३–३

महक रईं सालन की रइं नइं कोंपें जैसें कसतूरी।
छेवले हो रए लाल लाल फूलन सें डार लदीं पूरीं।।
जैसें ज्वानन कौ जिउ चीरत चीरत हो गए लालइ लाल।
कामदेव के नुअंन घाइं वे छेउले लग रए बिन मिसाल।।
साल तमाल कोंपले छेउले फूला मन मनुहार भरें।
लगो बसंत 'मधुप' सखियन सँग नच रए किसन बिहार करें।।3।।

मदनमहीपतिकनकदण्डरुचिकेसरकुसुमविकासे ।
मिलितशिलीमुखपाटलिपटलकृतस्मरतूणविलासे अ प ३–४

सो नोनों नोनों सोने को डंडा जी में लग रओ।

केसर के फूलन से गो कें छत्ता सीस सुहा रओ।।

मदन महीपत के तरकस में पांच बान गरवीले।

आम असोक चमेली फूला कमल लाल उर पीले।।

मइं गुलाब के फूलन पै रस लोभी भौंरा भौंर भरें।

लगो बसंत 'मधुप' सखियन सँग नच रए किसन बिहार करें।।4।।

विगलितलज्जितजगदवलोकनतरुणकरुणकृतहासे ।

विरहिनिकृन्तनकुन्तमुखाकृतिकेतकदन्तुरिताशे अ प ३–५

देख मानसन खों इठला रए नए नए गुरजा वरनावंद।

बरछी जैसी हूलत ही में सोंदी सोंदी केउड़ा गंध।।

लजा लजा कें जग जग तक रए बरना रूख भरें मन सौंक।

बिरही मन खों कितउं लौंच रए केवड़ा जैसें बल्लम नोंक।।

जोगी संजोगी कान्हा खों देख वियोगी आह भरें।

लगो बसंत 'मधुप' सखियन सँग नच रए किसन बिहार करें।।5।।

माधविकापरिमललिते नवमालिकजातिसुगन्धौ ।

मुनिमनसामपि मोहनकारिणि तरुणाकारणबन्धौ अ प ३–६

बन्न बन्न के नए नए फूलन की सुगंध अलवेली।

मतवारी जीवंती बौलें संगै बास चमेली।।

मुनियन के मन खों मो लै रइं ज्वानन की का काने।

रितु बसंत तौ मीत होत है ज्वान जनिन के लानें।।

रति अरु प्रीत अनंग संग मनरथ चढ़ि मलय बयार करें।

लगो बसंत 'मधुप' सखियन सँग नच रए किसन बिहार करें।।6।।

स्फुरदतिमुक्तलतापरिरम्भणमुकुलितपुलकितचूते ।

बृन्दावनविपिने परिसरपरिगतयमुनाजलपूते अ प ३–७

आमन के पेड़न से बौलें लिपड़ीं जां जीवंती की।

जमना कौ जल भरे हिलोरें हाली फूलीं दोउ ढी कीं।।

मतवारी सुगंध खों पाकें पुलकित डार डार वन की।

जमना के जल से भइ पावन जा धरती बिंद्रावन की।।

तरनीजा के तट पै तरुनी तरु तरु तर तरतार तरें।

लगो बसंत 'मधुप' सखियन सँग नच रए किसन बिहार करें।।7।।

श्रीजयदेवभणितमिदमुदयति हरिचरणस्मृतिसारम् ।

सरसवसन्तसमयवनवर्णनमनुगतमदनविकारम् अ प ३–८

इति तृतीय प्रबंधः

हरि चरनन के सुमरन कौ जो लिखो सार कौ सार।

सरस समइया बन कौ बरनन और न कउं सिंसार।।

श्री जैदेव महाकबि कइए सरसुति के औतार।

मनरथ बैठे काम संग मंत्री बसंत असवार।।

'मधुप' गीत गोबिंद काव्य कौ आदर जग बिस्तार करे।

लगो बसंत 'मधुप' सखियन सँग नच रए किसन बिहार करें।।१।।

दरविदलितमल्लीवल्लिचञ्चत्पराग प्रकटितपटवासैर्वासयन् काननानि।

इह हि दहति चेतः केतकीगन्धबन्धुः प्रसरदसमबाणप्राणवद्गन्धवाहः १।।

अदखिले चमेली के फूलन को उड़रओ जौंन पराग हतो।

ऊ पराग की बास भरे उन्नन खों पैरें चलत हतो।।

मिंत केउड़न के फूलन कौ मलयाचल से चलो समीर।

बै रओ पवन लगत छाती में बन कें कामदेव कौ तीर।।

बन उपवन वन पवन झकोरें विरहिन जिउ बेजार करें।

लगो बसंत 'मधुप' सखियन सँग नच रए किसन बिहार करें।।1।।

उन्मीलन्मधुगन्धलुब्धमधुपव्याधूतचूताङ्कुर

क्रीडत्कोकिलकाकलीकलकलैरुद्गीर्णकर्णज्वराः।

नीयन्ते पथिकैः कथंकथमपि ध्यानानुधानक्षण

प्राप्तप्राणसमासमागमरसोल्लासैरमी वासराः २।।

मंजरियन सें कड़त बायरें जब रस के लोभी भौंरा।

हलत डुलत कँप जात छियत में आमन कौ झौरा झौरा।।

मौंर देख कोहलिया कूकें मीठे सुर बौरा बौरा।

मिल नइं पा रए मिलबौ चा रए आमन के घौरा घौरा।।

मिलबे कौ सुख सोस–सोस दिन रात 'मधुप' मन आस भरें।

लगो बसंत 'मधुप' सखियन सँग नच रए किसन बिहार करें।।2।।

अनेकनारीपरिरम्भसम्भ्रम स्फुरन्मनोहारिविलासलालसम् ।

रारिमारादुपदर्शयन्त्यसौ सखी समक्षम् पुनराह राधिकाम् ३।।

रमन बिहारी रमन लोभ में रमणी संग रमन्ना में।

कर रए रमन सखी राधा की देखत ती ठांड़ी सामें।।

ऊनें आकें कइ राधा सें करकें सेंन इसारें में।

जीव अनेक सुखी मन रै रए हरि के एक सहारे में।।

राधे नजर निसानौ सादौ दरसन कर रए नर नारी।

सोहत मोहत सखियन के संग 'मधुप' खेल रए बनवारी।।३।।

रामकरीरागे रूपकताले अष्ट पदी ४ सामोद दामोदर भ्रमर पदम्

चन्दनचर्चितनीलकलेवरपीतवसनवनमाली ।

केलिचलन्मणिकुण्डलमण्डितगण्डयुगस्मितशाली ।

हरिरिहमुग्धवधूनिकरे विलासिनि विलसति केलिपरे ।ध्रुव०। अ प ४–१

पीनपयोधरभारभरेण हरिम् परिरम्य सरागम् ।

गोपवधूरनुगायति काचिदुदञ्चितपञ्चमरागम्।

हरिरिह केलिपरे अ प ४–२

कौनउं गोपी हट्टी कट्टी भारी सी छतियन वारी।

हरि के ढिंगा पोंच कें हरि सें चिपकत जा रइ अवढारी।।

गुनगुनात कछु गाउत जात मइं मन मुस्का रए गिरधारी।

ऊंचे सुर में गाउन लगत बा पंचम सुर की उनहारी।।

भर कें नजर देख लो राधा चंदन पीतांबर धारी।

मोहित सखियन के समूह में 'मधुप' खेल रए बनवारी।।1।।

तन सें तन खों मिला तिल मिला तन कौ भार बता रइ।

नौनें स्याम सलोनें से बा तनकउ नइं सरमा रइ।।

हिलमिल तनमिल मनमिल दिलमिल सुर में सुरन मिला रइ।

बा बेसुरी बाँसुरी बा सुर सुन सुर धुन गुन गा रइ।।

रुकी बाँसुरी गाउन लगत तब ऊंचे सुर सें मतवारी।

मोहित सखियन के समूह में 'मधुप' खेल रए बनवारी।।2।।

कापि विलासविलोलविलोचनखेलनजनितमनोजम् ।

ध्यायति मुग्धवधूरधिकम् मधुसूदनवदनसरोजम् ।

हरिरिह केलिपरे अ प ४–३

आंख लड़ावें लड़या लिड़या हिन्नी से नैंनन वारी।
कौनउं चंचल मनचल बैठी अँखया रइ हरि खों भारी।।
गागौ ध्यान लगा कें देखत हरि मुख कमलहिं मतवारी।
ऐंन नैंन की सैंन काम तक कर रओ उथल पुथल भारी।।
माधव मधुरइ तक लो राधा मौं कमलन की उनहारी।
मोहित सखियन के समूह में 'मधुप' खेल रए बनवारी।।3।।

कापि कपोलतले मिलिता लपितुम् किमपि श्रुतिमूले ।
चारु चुचुंब नितंबवती दयितम् पुलकैरनुकूले ।
हरिरिह केलिपरे अ प ४–४

बड़े बड़े कूलन वारी कछू कैबो चाउत अहानो है।
कौनउं कान्हा के कानन में कैबे करत बहानो है।।
बड़े जतन सें ऊनें हरि खों अपने बस में जानो है।
कान्हा के मौंनो मौं करकें चूमत गाल सुहानो है।।
सुघर सलोनी के रस भींजत परम चतुर तन मन वारी।
मोहित सखियन के समूह में 'मधुप' खेल रए बनवारी।।4।।

केलिकलाकुतुकेन च काचिदमुम् यमुनाजलकूले ।
मञ्जुलवञ्जुलकुञ्जगतम् विचकर्ष करेण दुकूले ।
हरिरिह केलिपरे अ प ४–५

जमनाजू के दोइ ढियन की दाबें कोर मुहानी हैं।
बेंतन की बौलन की कुंजें लग रइं भौत सुहानी हैं।।
पकर दुपट्टा तानत हरि कौ देख लेओ राधा रानी।
उखरौ बूड़ौ खेलन चा रइ सिंगारी लीला जानी।।
असली खिलवइया खेलन के संगै खेलत गिरधारी।
मोहित सखियन के समूह में 'मधुप' खेल रए बनवारी।।5।।

करतलतालतरलवलयावलिकलितकलस्वंअवंशे ।
रासरसे सहनृत्यपरा हरिणा युवतिः प्रशशंसे ।
हरिरिह केलिपरे अ प ४–६

बंसीधर की बंसी बज रइ बन कौ बजन बड़ा रइ।
नचत आइ गोपी इक, हांतन चुरियां ककना खनका रइ।।
थप थप थपरी थाप देत कोउ ताल में ताल मिला रइ।
नेह निहारत नेह निहोरत बातउ पै है इठला रइ।।
कर रए खुद तारीफ नचत हरि मुस्का मुस्का गिरधारी।
मोहित सखियन के समूह में 'मधुप' खेल रए बनवारी।।6।।

श्लिष्यति कामपि चुम्बति कामपि कामपि रमयति रामाम् ।
पश्यति सस्मितचारुपरामपरामनुगच्छति वामाम् ।
हरिरिह केलिपरे अ प ४–७

कौनउं हरि सें लिपड़ जात हरि कौनउं कौ चूमा लै रए।

निहुर निहुर हरि नेह निहारत कितउं कितउं हरि मुस्का रए।।

कौनउं के संगै बिहार हरि कौनउं के पाछें जा रए।

बड़े भाग सखियन के जिनके संग रास नित नए नए।।

मधुर बिलासिनि राधा देखौ हो रए आतुर गिरधारी।

मोहित सखियन के समूह में 'मधुप' खेल रए बनवारी।।7।।

श्रीजयदेवभणितमिदमद्भुतकेशवकेलिरहस्यम् ।

वृन्दावनविपिने ललितम् वितनोतु शुभानि यशस्यम् ।

हरिरिह केलिपरे अ प ४–८

इति चतुर्थ प्रबंधः

जौन खेल खेलत हैं मोहन जानें कितने रहस भरे।

ललित ललित लीला बन उपवन सुन भगतन मन मोद करें।।

कबि जैदेव बखानें चुन चुन सबद अरथ गंभीर भरे।

पड़ें सुने बे सुखी रबें हरि सबकी मनसा पूर करें।।

नोंने नीके बन रबैं सब जै बोलो हरि दुखहारी।

मोहित सखियन के समूह में 'मधुप' खेल रए बनवारी।।8।।

विश्वेषामनुरंजनेन जनयन्नानानंदमिन्दीवर

श्रेणीश्यामलकोमलैरुपनयन्नङ्गैरनङ्गोत्सवम् ।

स्वच्छंदम् व्रजसुन्दरीभिरभितः प्रत्यङ्गमालिङ्गितः

शृङ्गारः सखि मूर्तिमानिव मधौ मुग्धो हरिः क्रीडति १।।

प्रेम और अनुराग बँटारत जो जग में आनंद भरें।

नीलकमल मौ रूप सांवरौ काम अंग मन चाओ धरें।।

ब्रजनारिन सें आँग जुड़ा सिँगरौ सिँगरौ सिंगार फिरै।

कंत सुतंत्र समंत महंत व संत बसंत कौ रूप धरें।।

खिलखिलात बे खेल खिलइया खुलकें खेलत सुखकारी।

मोहित सखियन के समूह में 'मधुप' खेल रए बनवारी।।1।।

नित्योत्संगवसद्भुजंगकवलक्लेशादिवेशाचलम्

प्रालेयप्लवनेच्छयानुसरति श्रीखण्डशैलानिलः।

किम् च स्निग्धरसालमौलिमुकुलान्यालोक्य हर्षोदयात्

उन्मीलन्ति कुहूः कुहूरिति कलोत्तलाः पिकानाम् गिरः २।।

मलयाचल चंदन के पेड़न सें भुजंग जो लिपड़े रत।

ताती सांसें लगी सपरवे बरफ कुदाऊं पवन भगत।।

हलत आम के मौर हवा सें मौलसिरी के झौंर हलत।

देख कोयलें हाली फूलीं मीठे सुर में गाउत फिरत।।

ठंडी हवा सुगंधी कौ सुख सब लै रए प्यारे प्यारी।

मोहित सखियन के समूह में 'मधुप' खेल रए बनवारी।।2।।

रासोल्लासभरेणविभ्रमभृतामाभीरवामभ्रुवाम्

अभ्यर्णम् परिरम्यनिर्भरमुरः प्रेमान्धया राधया।

साधु त्वद्वदनम् सुधामयमिति व्याहृत्य गीतस्तुति

व्याजादुत्कटचुम्बितस्मितमनोहरी हरिः पातु वः ३।।

रास विलास भौंर में भूलीं सखियन के देखत देखत।

आह प्रेम रस डूबीं राधा हरि खों अपने हांत भरत।।

मौ में इमरत भरो अपुन के जकड़त जा रइं राधा कत।

चूमें राधा हरि मुस्काबें देखत मन में मगन भगत।।

सब कौ मंगल करें समंगल चूमत झूमत गिरधारी।

मोहित सखियन के समूह में 'मधुप' खेल रए बनवारी।।3।।

इति श्री जयदेव कृतौ गीतगोविन्दे सामोददामोदरो नाम प्रथमः सर्गः

दामोदर आमोद भरे हैं डूबे आनंद सिंध में।

राधा माधव की छवि देखौ 'मधुप' गीत गोबिंद में।।एक।।

द्वितीय सर्ग

द्वितीय सर्ग– अक्लेश केशवम्

विहरति वने राधा साधारणप्रणये हरौ

विगलित निजोत्कर्षादीर्ष्यावशेन गतान्यतः।

क्वचिदपि लताकुञ्जे गुञ्जन्मधुव्रतमण्डली

मुखरशिखरे लीना दीनाप्युवाच रहः सखीम् २–१

बिंद्रावन में रहस रचा रए लीला कर रए नित नई।

सबइ गोपियन संग एक सौ हेम देख मन पीरा भई।।

तुर्त फुर्त इक सखी संग लै राधा लता कुंज में गइं।

मौं बतांव का? मोय भाग पै बौलें तक लिपड़ी हँस रइं।।

फूलन भौंरा फूलत गूँजत मोय भरोसौ है तोरौ।

हँसें विलासें कितउं हरी पै 'मधुप' उनइ पै मन मोरौ।।

गुर्जररागे रूपकताले अष्टपदी– ५ – मधुरिपु रत्न कण्ठिक

संचलदधरसुधामधुरध्वनिमुखरितमोहनवंशम् ।

चलितदृगंचलचंचलमौलिकपोलविलोलवतंसम् ।

रासे हरिमिह विहितविलासम् स्मरति मनो मम कृतपरिहासम् । ध्रुव० अ प ५–१

मो लए तीनउं लोक बाँसुरी तान भरत तानें दै रइ।

हरि ओंठन कौ इमरत पीकें बोल सुरीले सुर भर रइं।।
मोहन मुरली तौ बजाउत पै आंखें तौ चउवर चल रइं।
कानन के कुंडल मन मो रए मुकुट मनी दमकें नइं नइं।।
उनकी हँसी भले जिउ जारत उनसें लगन न मैं टोरौं।
हँसें विलासें कितउं हरी पै 'मधुप' उनइ पै मन मोरौ।।1।।

चन्द्रकचारुमयूरशिखण्डकमण्डलवलयितकेशम् ।
प्रचुरपुरन्दरधनुरनुरञ्जितमेदुरमुदीसुवेशम् अ प ५–२

सांवरे घनें बादरन जैसी केसव की जुल्फें चमकें।
ऐरावत हाँती की गैलन इंद्रधनुस जैसी दमकें।।
मोरन की भारक के चंदा रंग बिरंगे मुकुट सजे।
सखी सांवरे के सरूप हम फूले फिर रए गजे बजे।।
मारें चाय उबारें पालें राखें जौ जीवन थोरौ।
हँसें विलासें कितउं हरी पै 'मधुप' उनइ पै मन मोरौ।।2।।

गोपकदम्बनितम्बवतीमुखचुम्बनलम्भितलोभम् ।
बन्धुजीवमधुराधरपल्लवमुल्लसितस्मितशोभम् अ प ५–३

बैठ कदम के रूख छांयरे जो डारन डारन लूमत।
छरी अनौखे करयनवारी ग्वालिन के जौ मौ चूमत।।
हौलें हौलें हरि मुस्कावें ओंठ परत ऐसें भूले।

जैसें होय दुपरिया फूला नइ नइ कोंपन में फूले।।
बा मुस्कान छोड़ कें जग में ध्यान न कोउ सें मैं जोरौं।
हँसें विलासें कितउं हरी पै 'मधुप' उनइ पै मन मोरौ।।3।।

विपुलपुलकभुजपल्लववलयितवल्लवयुवतिसहस्रम् ।
करचरणोरसि मणिगणभूषणकिरणविभिन्नतमिस्रम् ५—४

नइ नइ कोंपे देख उगारें जैसे भरी पुलकत है।
हरि के हाँत हजारन गोपी फलकत कुलकत खुलकत हैं।।
माला रतन गरे हांतन पांवन में खनकत छनकत है।
उजयारौ हो जात मिटत इँदयाव जितै वे दमकत हैं।।
दरसन करौ रास के निसदिन जिउ की जोत न कउं जोरौ।
हँसें विलासें कितउं हरी पै 'मधुप' उनइ पै मन मोरौ।।4।।

जलदपटलवलदिन्दुविनन्दकचन्दनतिलकललाटम् ।
पीनपयोधरपरिसरमर्दननिर्दयह्रदयकवाटम् ५—५

उमड़त घुमड़त बीच बादरन चमकत जैसें चंदा होय।
हरि माथे चंदन कौ टीका दरसन सें दुख रहै न कोय।।
छरी छबीली छाती छी रए छतिया करैं करत किलोल।
बेउ हाँत मो पै धर देवैं जी सें चित्त न जाबै डोल।।
खुल जाबें हिय के किवार मैं तकों न औरन कौ दोरौ।

हँसें विलासें कितउं हरी पै 'मधुप' उनइ पै मन मोरौ।।5।।

मणिमयमकरमनोहरकुण्डलमण्डितगण्डमुदारम् ।

पीतवसनमनुगतमुनिमनुजसुरासुरवरपरिवारम् ५—६

मगर घांइ कानन के कुंडल मनियन जड़े कितउं पन्ना।

जगमगात उजयारे में हरि कौ पीतांबर उर उन्ना।।

मान्स देउता दईत रिसी सुर सेवा कर मेवा पावें।

गड़रा पर पर जात गाल पै जब हरि बैठे मुस्कावें।।

ऊ मुस्कान भरी मूरत पै ध्यान लगो रैबै मोरौ।

हँसें विलासें कितउं हरी पै 'मधुप' उनइ पै मन मोरौ।।6।।

विशदकदम्बतले मिलितम् कलिकलुषभयम् शमयन्तम् ।

मामपि किमपि तरन्गदनङ्गदृशा मनसा रमयन्तम् ५—७

बड़े कदंब रूख के नैचें बैठे रमन बिहारी हैं।

कलजुग के पापन के भै खों दूर करत बनवारी हैं।।

कितउं आंख से करें इसारे कितउं हँसें दै दै तारी।

अंग अनंग विकार मिटा दओ जै जै जै हे गिरधारी।।

ध्यान लगो रय हरि चरनन में मुसकिल सें नातौ जोरौ।

हँसें विलासें कितउं हरी पै 'मधुप' उनइ पै मन मोरौ।।7।।

श्रीजयदेवभणितमतिसुन्दरमोहनमधुरिपुरूपम् ।

हरिचरणस्मरणम् प्रति संप्रति पुण्यवतामनुरूपम् ५–८

इति पंचमः प्रबंधः

मधु जो हतो मधुपुरी राजा राक्छस नांव मिटा डारे।

मोहन की मन मोहक छवि नें अच्छे अच्छे मो डारे।।

कबि जैदेव लिखे हरि के गुन जी जी पै डोरा डारे।

खिंचत चलो गव बौ चरनन, बे तनक निगा मो पै डारें।।

पड़ सुन गाकें पुन्न कमा लो जग के सब नाते टोरौ।

हँसें विलासें कितउं हरी पै 'मधुप' उनइ पै मन मोरौ।।8।।

गणयति गुणग्रामम् भामम् भ्रमादपि नेहते ।

वहति च परितोषम् दोषम् विमुञ्चति दूरतः ।

युवतिषु वलस्तृष्णे कृष्णे विहारिणि माम् विना

पुनरपि मनो वामम् कामम् करोति करोमि किम् १।।

सखी देख तौ मोय छोड़ कें हरि सब के सँग रास रचा रए।

लूमत झूमत चूमत जा रए मोरे मन खों वे तरसा रए।।

मन उनकौ गुनगान करत है भूलभूल हम भूल न पा रए।

जी ने मोहन के गुन जाने मन में बे आनंद मना रए।।

स्वांसा तक आसा मिलबे की डरी डोर कैसें छोरौं।

हँसें विलासें कितउं हरी पै 'मधुप' उनइ पै मन मोरौ।।1।।

मालवरागे एकताली ताले अष्टपदी– 6

अक्लेश केशव मङ्जरी तिलकम्

निभृतनिकुञ्जगृहम् गतयानिशिरहसिनिलीयवसन्तम् ।

चकितविलोकितसकलदिशा रतिरभसभरेणहसन्तम् ।

सखि हे केशिमथनमुदारम् ।

रमय मया सह मदनमनोरथभावितया सविकारम् ।।ध्रुव०।।६ १

जुगल गीत गोपियन गाओ जो लिखे भागवत भर दए।

आद अंत सुकदेव उवाच सें पुट संपुट रस भर लए।।

एक एक इसलोकन की चौबीस अठकड़ीं कर दइं।

भए प्रबंध गीत गोबिंद बानी जैदेव सरस भइ।।

मनजरियंन मनजरे 'मधुप' कें मन सें मन मजरी मिलवा दो।

मनरथ चढ़े काम केसौ सें मो खों 'मधुप' कोउ मिलवा दो।।1।।

प्रथमसमागमलज्जितया पटुचाटुशतैरनुकूलम् ।

मृदुमधुरस्मितभाषितया शिथिलीकृतजघनदुकूलम् ।

सखि ... सविकारम् अ प ६–२

ब्रजरस कौ रस बिंद्रावन रस ऊ रस कौ रस कुंजन में।

कुंजन के रस कौ रस ढंड़ौ तौ बौ मिलै निकुंजन में।।

जो निकुंज रस कौ रस चाने तौ ढूंड़ौ निभृत निकुंज में।

निभृत निकुंज रससुधा राधा माधव रस रसपुंज में।।

रासेसुरी रसेसुर चरनन के रस कौ रसपान करा दो।

मनरथ चढ़े काम केसौ सें मो खों 'मधुप' कोउ मिलवा दो।।2।।

किसलयशयननिवेशितया चिरमुरसि ममैव शयानम् ।

कृतपरिरम्भणचुम्बनया परिरभ्य कृताधरपानम् ।

सखि ... सविकारम् अ प ६–३

मोय अकेली पा कुंजन में नांय मांय जो देखत जा रए।

बैठे दुके मंद मुस्क्या रए गालन में गड़रा पर जा रए।।

धरें काम कौ रूप सांवरे तौउ न हम उनसें मिल पा रए।

जैसें रात चाँदनी पाकें रति के मन में ललक जगा रए।।

झूलत झूलत झूल झुलइयंन उनके संगै मोय झुला दो।

मनरथ चढ़े काम केसौ सें मो खों 'मधुप' कोउ मिलवा दो।।3।।

अलसनिमीलितलोचनया पुलकावलिललितकपोलम् ।

श्रमजलसकलकलेवरया वरमदनमदादतिलोलम् ।

सखि ...सविकारम् अ प ६ ४

पैलउं पैल मिले सें सरमत मो खों बैसी लाज लगत है।

हरां हरां मुस्का कें बोलत औरए कान न सुना परत है।।

सारी तानत जांग उगारत देखत भोरे स्याम बनत हैं।

उनकी चतुराई का कइए बोलत जैसें फूल झरत हैं।।

सपनन रोज दिखात सखी पै आमों सामों आज करा दो।

मनरथ चढ़े काम केसौ सें मो खों 'मधुप' कोउ मिलवा दो।।4।।

कोकिलकलरवकूजितया जितमनसिजतंत्रविचारम् ।

श्लथकुसुमाकुलकुन्तलया नखलिखितघनस्तनभारम् ।

सखि ... सविकारम् ६–५

नई कोंपें पत्तन की सेजें संगै स्याम सजा रए होयं।

जिन ओंठन सें बजत बाँसुरी चूमत झूमत झप रए होयं।।

बातन फुला फुला कें मोखों फूलत फूल फूल रए होयं।

भूल भुलइयंन भरे भौंन वे मोमौ भूल, भूल रए होयं।।

बरौंटी में रोज आउत पै सपनौ साँसौ आज करा दो।

मनरथ चढ़े काम केसौ सें मो खों 'मधुप' कोउ मिलवा दो।।5।।

चरणरणितमनिनूपुरया परिपूरितसुरतवितानम् ।

मुखरविशृङ्खलमेखलया सकचग्रहचुंबनदानम् ।

सखि ... सविकारम् अ प ६–६

सांवरिया संगै खेलत ते आनंदी में डूबत होयं।

भइ थकान आलस के मारें आंखें खोलत मीचत होयं।।

ठांड़ो रोम पसीन आकें भीगे तन सें निचरत होय।

नौनें गाल काम सी चंचल अंखियन स्याम निहारत होयं।।

मनमन खों मन जा रओ मन की मनसा पूरी आज करा दो।

मनरथ चढ़े काम केसौ सें मो खों 'मधुप' कोउ मिलवा दो।।6।।

रतिसुखसमयरसालसया दरमुकुलितनयनसरोजम् ।

निःसहनिपतिततनुलतया मधुसूदनमुदितमनोजम् ।

सखि ... सविकारम् ६–७

बजा बजा बाँसुरी बुला लऔ पैलउं तौ मन सकुचानी।

मिलत स्याम सें कोयल जैसी मैं बोलत ती मीठी बानी।।

कामतंत्र के नियम टोर हरि सखी करें हैं मनमानी।

दोऊ भए लिथोर उर गजरा के मोती हैं बिर्रानी।।

बर्राटन बे लेत चोंटिया सा परतीती सखी करा दो।

मनरथ चढ़े काम केसौ सें मो खों 'मधुप' कोउ मिलवा दो।।7।।

श्रीजयदेवभणितमिदमतिशयमधुरिपुनिधुवनशीलम् ।

सुखमुत्कण्ठितगोपवधूकथितम् वितनोतु सलीलम् ।

सखि ... सविकारम् अ प ६–८

इति षष्ठ प्रबंधः

घुँगरू सुर में बज रइं खेलत बोरा जड़ी पांव पैजनियां।
झनकारन की भाँस भरा रइं करया पै की लर करधनियां।।
बड़ी बेर लों सखी कनइया चूमत लूमत पकर चुटइयां।
कइ ना करें करें वे मन की सुनतन मोरी हा हा दइयां।।
उत्तइ पै जौ मन नइं मानत मनहर मान जायं मनवा दो।
मनरथ चढ़े काम केसौ सें मो खों 'मधुप' कोउ मिलवा दो।।७।।

हस्तस्रस्तविलासवंशमनृजुभ्रूवल्लीमद्वल्लवी ।
वृन्दोत्सारिदृगन्तवीक्षितमतिस्वेदार्द्रगण्दस्थलम् ।
मामुद्वीक्ष्य विलज्जितम् स्मितसुधामुग्धाननम् कानने ।
गोविन्दम् व्रजसुन्दरीगणवृतम् पश्यामि ह्रष्यामि च १।।

कबि जैदेव लिखे हैं जैसे नइं कउं और जहान में।
पड़बे सुनबे उर बोले में नौनें लगत कहान में।।
ग्वालिन संगै खिलखिलात खुलकें खेलत जग खेल खिलइया।
जानन चाव गीत गोबिंद खें मन सें बाँचौ भजो कनइया।।
सुनतन सब खों सुख देबै, सो सरस सुनौ सुनकें सुनवा दो।
मनरथ चढ़े काम केसौ सें मो खों 'मधुप' कोउ मिलवा दो।।1।।

दुरालोकस्तोकस्तबकनवकाशोकलतिका ।
विकासः कासारोपवनपवनोऽपि व्यथयति ।
अपि भ्राम्यद्भृङ्गीरणितरमणीया न मुकुल ।

प्रसूतिश्चूतानाम् सखि शिखरिणीयम् सुखयति २।।

मोय देख जिनके हाँतन सें गिर गिर जा रइ बाँस मुरलिया।
नैंन बान सें घायल कर रए घालत तिरछी घाल नजरिया।।
गीले गाल पसीनन हो रए ग्वालिन गरे डार गलबइयां।
लगत लाज सो हँसत भगत हम तकत भाग सें भगत कनइया।।
बन्न बन्न के खेल खिला रए उन खों मो खों संग खिला दो।
मनरथ चढ़े काम केसौ सें मो खों 'मधुप' कोउ मिलवा दो।।2।।

नई असोक पत्तन की टानें मोसें सखी न देखी जा रइं।
